






# सावन के पहले सोमवार को गैवीनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## गर्भगृह में प्रवेश बंद रहने से भक्तों में नाराजगी, जलधारी हटाने की मांग को लेकर कलेक्टर को लिखा पत्र

नवभारत न्यूज

**बिरसिंहपुर 3 अगस्त, श्रावण मास के पहले सोमवार पर सतना जिले के बिरसिंहपुर स्थित प्रसिद्ध व प्राचीन श्री गैबीनाथ स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष पंकज माली के अनुसार, सावन के पहले सोमवार को भगवान गैबीनाथ का जलाभिषेक करने के लिए लगभग 10 हजार श्रद्धालु धाम पहुँचे. तड़के से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गईं.**

श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर गर्भगृह में प्रवेश पर रोक लगाई गई है और प्रशासन द्वारा बनाई गई विशेष व्यवस्था के तहत जलधारी के माध्यम से भगवान शिव का जलाभिषेक कराया गया ।

**प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त, अधिकारी खुद संभाल रहे कमान-** शुरुआती समय में कुछ आंशिक व्यवधानों के बाद, प्रशासन द्वारा मुस्तैदी दिखाते हुए व्यवस्थाओं को पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त कर लिया गया है. मौके पर तहसीलदार डॉ. शैलेन्द्र शर्मा और सभापुर थाना प्रभारी शंखधर द्विवेदी समेत स्वास्थ्य विभाग





अन्य प्रशासनिक अमले और पुलिस बल खुद मोर्चा संभाले रहे इसके साथ ही, मानव विकास मंडल के स्वयंसेवक भी श्रद्धालुओं को सुलभ दर्शन कराने और व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग दिनभर करते दिखे. श्रद्धालुओं का कहना है कि विशेष पर्वों एवं अत्यधिक भीड़ वाले अवसरों पर प्रशासन द्वारा किए गए सुरक्षा प्रबंधों का वे सम्मान करते हैं. लेकिन सामान्य दिनों में, जब श्रद्धालुओं की संख्या बेहद सीमित रहती है, तब भी गर्भगृह बंद रहने से भक्तों की धार्मिक भावनाएँ आहत हो रही हैं. नगरवासियों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि तहसीलदार अथवा संबंधित अधिकारियों से सामान्य दिनों में मंदिर की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण कराया जाए ?यदि निरीक्षण में भीड़ सामान्य पाई जाए, तो विशेष पर्वों को छोड़कर अन्य दिनों में बैरियर हटाकर श्रद्धालुओं को गर्भगृह में प्रवेश, सीधे दर्शन और जलाभिषेक की अनुमति दी जाए. मंदिर प्रबंधन अथवा अन्य पक्षों के आपसी मतभेदों व प्रशासनिक खींचतान से अलग हटकर समस्त श्रद्धालुओं की जनभावनाओं के हित में फैसला लिया जाए.

### गर्भगृह बंद करने पर उपजा आक्रोश

एक तरफ जहाँ सावन के सोमवार पर विशेष प्रबंध किए गए हैं, वहीं दूसरी तरफ भगवान को भक्तों से दूर करने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी असंतोष व्याप्त है. नगरवासियों एवं श्रद्धालुओं ने जिला कलेक्टर, सतना को पत्र सौंपकर जलधारी व्यवस्था के तहत लगाए गए अवरोध को हटाने और गर्भगृह को सामान्य दिनों में खोलने की मांग उठाई है.

### महाकाल जैसा पुण्य मिलने का विश्वास


प्राचीन शिवालय में सुबह 4 .30 बजे भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार कर मंगला आरती की गई, जिसके बाद सुबह 5 .30 बजे गर्भगृह के पट खोल दिए गए. उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर पूजे जाने वाले गैबीनाथ धाम में प्रतिदिन भस्म भी अर्पित की जाती है. श्रद्धालुओं में यह दृढ़ विश्वास है कि यहाँ दर्शन और जलाभिषेक करने से उज्जैन के महाकाल मंदिर के समान ही पुण्य की प्राप्ति होती है. इसका पौराणिक वर्णन पद्म पुराण के पाताल खंड में भी मिलता है.

### खंडित शिवलिंग की अनूठी मान्यता

गैबीनाथ धाम की सबसे बड़ी विशेषता यहाँ स्थापित खंडित शिवलिंग है. जनश्रुति के अनुसार, प्राचीन समय में देवपुर नाम से जाने जाने वाले इस नगर में %गैबी% नाम के यादव के घर के चूल्हे से यह शिवलिंग प्रकट हुआ था, जिसके बाद राजा बीर सिंह ने यहाँ भव्य मंदिर का निर्माण कराया. जिसके साछ के रूप में पंचमुखी हनुमान जी महराज स्थापित हैं मान्यता है कि मुगल शासक औरंगजेब के आक्रमण के दौरान यह शिवलिंग खंडित हो गया था, जिसके बाद से इसी अनूठे स्वरूप में इसकी निरंतर पूजा-अर्चना की जा रही है.

### भीड़ के कारण महिला श्रद्धालु हुई अचेत

दोपहर होते-होते मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा, जिसके कारण चारों तरफ 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयघोष गूंजने लगे. सावन मेले में जलाभिषेक के लिए आई महिलाओं की लंबी कतारों में अत्यधिक भीड़ और गर्मी के कारण एक महिला श्रद्धालु अचानक चक्कर खाकर गिर गई. हालात बिगड़ते देख मुस्तैद स्वास्थ्य विभाग टीम व स्वयंसेवकों द्वारा उन्हें तुरंत अस्पताल पहुँचाया गया, जहाँ उनका प्राथमिक उपचार किया गया .



# दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर मैहर में जश्न

## घंटाघर पर फोड़े पटाखे, बांटी मिठाइयां

नवभारत न्यूज

**मैहर 3 अगस्त, दतिया उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की विजय के बाद मैहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक जीत का जश्न मनाया। शहर के घंटाघर चौक पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए।**

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया तथा राहगीरों और आम नागरिकों को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि दतिया उपचुनाव का परिणाम जनता के विश्वास और कांग्रेस की नीतियों की जीत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और यह जीत उसी जनभावना का प्रतीक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत करने के लिए सभी मिलकर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने एक-दूसरे का माल्यार्पण कर स्वागत किया तथा कांग्रेस के समर्थन में नारे लगाए। पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ विजय का जश्न मनाया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कुंजीलाल शुक्ला, नित्यानंद तिवारी, इंद्रावती गणेश चतुर्वेदी, राजा राम कुशवाहा, बद्री कुशवाहा, सचिन, एहसान सहाय, महेंद्र पटेल, चूड़ामणि बाड़ोलिया, दीपू तिवारी, मोतीलाल कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, डॉ. पांडे, रामभद्र पांडे, जितेंद्र कुशवाहा, अजय वंशकार, राकेश कान्तू, गणेश चतुर्वेदी, अखिल मिश्रा, रामअवतार चौरसिया, प्रभात द्विवेदी, नसीब खान, सत्येंद्र कुशवाहा, गुड्डू, रजनीश शर्मा, अखंड सिंह, शिवम पांडे, सोमदत्त साकेत, देवेंद्र चौधरी, सुनील कोरी, रमेश प्रजापति, जय बाड़ोलिया, सुरेश चौधरी, कंदू, जितेंद्र बांधकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दतिया उपचुनाव जीत पर कोठी में कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

## हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर बांटी मिठाइयां, बैंड बाजा ढोल नगाड़ा के साथ फोड़े पटाखे

नवभारत न्यूज

**कोठी 3 अगस्त, दतिया उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की भाजपा एवं सरकार पर ऐतिहासिक जीत होने से कोठी में कांग्रेस जनों ने जमकर जश्न मनाया।**

कोठी के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर अमर शहीद ठाकुर रणमत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए ढोल नगाड़ों के साथ जमकर पटाखे फोड़े और एक दूसरे एवं आमजन को मिठाईयां खिलाकर शुभकामनाएं एवं बधाई दी कांग्रेसियों ने कहा कि यह जीत कांग्रेस की जीत नहीं है बल्कि भाजपा की तानाशाही मनमानी पर लगाम लगाई गई है और दतिया की जनता ने यह संदेश दिया है कि जिस प्रकार से भाजपा द्वारा संविधान की हत्या की जा रही है वह अब नहीं चलने वाला अभी तो यह केवल झांकी है पूरे मध्य प्रदेश एवं देश में होना बाकी है बांकीपुर उपचुनाव में भी जिस प्रकार से भाजपा की हार हुई है लोगों ने कहा कि भाजपा का यह हश्र होना ही था बाकीपुर तो अभी



झांकी है अब यह पूरे देश में होना बाकी है इसकी शुरुआत बाकीपुर से हो चुकी है और भाजपा अपने अभेध किला अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की सीट से भी हाथ धो बैठी और दतिया तथा बाकी पूर्व उप चुनाव हार गई, कांग्रेसियों ने कहा कि दतिया चुनाव का परिणाम अब आगे चलकर पूरे मध्य प्रदेश के भविष्य की दिशा बदलेगा जो पूरे देश की दिशा को तय करेगा लोगों का जी अब भारतीय जनता पार्टी के अत्याचार से ऊब उठा है।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोठी के अध्यक्ष विनय सिंह गुड्डा, पूर्व अध्यक्ष नलिनेन्द्र मिश्र डब्बू, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री यादवेंद्र सिंह पंजू, प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रभा बागरी ,बृजेश वर्ग सोनू ,अनुराग सिंह दादू ,अजय सिंह बंटू ,सतीश पांडे ,डॉ अवधराज सिंह चंदेल, कृष्णभान सिंह ,मनिंदर सिंह ,उमाशंकर पांडे, केशव सिंह, आशीष सिंह, उमेश सिंह ,तिलक राज सिंह ,तेज बहादुर सिंह गुड्डू ,कामता विश्वकर्मा ,केशव सिंह ,भोले कुशवाहा ,अमृतलाल कुशवाहा ,उमेश डोहर सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन्म मौजूद रहे।

# श्रमजीवी पत्रकार संघ का संभागीय सम्मेलन सितंबर में

## जिला ईकाई मैहर की मासिक बैठक तय हुई रुपरेखा

नवभारत न्यूज

**अमदरा 3 अगस्त, मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ का संभागीय सम्मेलन की बैठक संपन्न मैहर में हुई।**

मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला इकाई मैहर की एक आवश्यक बैठक दिनांक 2 अगस्त 2026 दिन रविवार को स्थानीय चंडी देवी मंदिर प्रांगण पर शाम 4ः00 बजे आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता श्रीनिवास चतुर्वेदी जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष राम प्रकाश गुप्ता महासचिव रमाकांत दुबे जिला उपाध्यक्ष जवाहर लाल संतानी सहित उपस्थित सभी पत्रकारों के साथ बैठक में संभागीय पत्रकार सम्मेलन की



रूपरेखा तय की गई जिसमें रीवा संभाग जिला पत्रकार सम्मेलन 15 सितंबर 2026 को समय 11ः00 बजे दिन स्थानीय सरना पैलेस मैहर में सर्व सम्मति से कार्यक्रम एवं स्थान का प्रस्ताव पारित किया गया बैठक में उपस्थित पत्रकार साथी सुनील दाहिया, रामकुमार रजक, संतोष रजक, सत्य प्रकाश कुशवाहा, कृष्ण कुमार पाण्डेय, रवि प्रकाश पाण्डेय, दीपक बढौलिया, कमलेश कुमार मांझी, कमलेंद्र कुशवाहा, विकास सोनी, अनिल पयासी, पुरषोत्तम पुरी, कमलेश विश्वकर्मा, दीपक चतुर्वेदी, निलेंद्र नारायण दुबे, रवि कुमार चौरसिया सहित पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

# पृथक बुंदेलखंड की कामना को लेकर कामता नाथ में लगाई गई अर्जी



**चित्रकूट 3 अगस्त,** प्रभु कामतानाथ जी से राजा बुंदेला नें पृथक बुंदेलखंड राज्य बनवाने की अर्जी के साथकामना की है प्रमुखद्वार में इस संकल्प का अखंड दीप जलेगा साथ ही दिल्ली में बुंदेलखंड भवन बनवाने को भी लेकर उन्होंने कवायद तेज कर दी है पृथक बुंदेलखंड राज्य को लेकर फ़िल्म अभिनेता और बुंदेलखंड संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष राजा बुंदेला के नेतृत्व में 12 अक्टूबर को ललितपुर के प्रसिद्ध तुवन मंदिर से गांव -गांव पांव-पांव यात्रा की शुरुआत हुई.

# दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत 2028 के विधानसभा चुनाव का संकेत : अजय तिवारी

नवभारत न्यूज

**कोटर 3 अगस्त, दतिया उपचुनाव में कांग्रेस की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव अजय तिवारी ने कहा कि यह परिणाम वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनने का संकेत है।**

उनका दावा है कि प्रदेश की जनता भाजपा शासन से परेशान है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महंगाई, कानून-व्यवस्था की स्थिति और कथित फ्रगुंडा राजफ्र से लोग असंतुष्ट हैं। इसी कारण मतदाताओं ने दतिया उपचुनाव में



कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि यह जीत कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए उत्साहवर्धक है और आगामी चुनावों में पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

# जमीन विवाद में मारपीट, चचेरे भाई समेत 3 के खिलाफ मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**नागौद 3 अगस्त, जमीन विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में एक महिला सहित 3 लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार नागौद अस्पताल में कराया गया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर 3 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चंदकुइया निवासी अतिन कुमार शुक्ला पिता लालबहादुर शुक्ला ने थाना नागौद में शिकायत दर्ज कराई कि उनके परिवार का चचेरे भाई संजय शुक्ला के परिवार से वर्ष 2014 से खेत की जमीन को लेकर न्यायालय में वाद चल रहा है। दिनांक 02 अगस्त



2026 को सुबह करीब 07.30 बजे संजय शुक्ला, उसके पुत्र अर्जुन शुक्ला और आयुष शुक्ला घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर संजय शुक्ला ने कुल्हाड़ी से अतिन के सिर में वार कर दिया। अर्जुन ने लोहे की रॉड से अतिन की मां सुनीता शुक्ला के सिर में और आयुष ने लोहे की मुसली से पिता लालबहादुर शुक्ला के हाथ में मारा। इसके बाद तीनों ने मिलकर लात-घूसों से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। मारपीट में अतिन, उसके माता-पिता घायल हो गए। सूचना मिलने पर परिजनों और आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया। घायलों को उपचार के लिए नागौद अस्पताल ले जाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपी संजय शुक्ला, अर्जुन शुक्ला और आयुष शुक्ला के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# विश्व स्तनपान सप्ताह की शुरुआत, आंगनवाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन होंगे जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**मैहर, 3 अगस्त। विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर मैहर जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में प्रतिदिन स्तनपान जागरूकता गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य गर्भवती एवं धात्री माताओं को शिशु के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और विकास के लिए स्तनपान के महत्व से अवगत कराना है।**

अभियान के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं



सहायिकाएं माताओं को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करने, पहले छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने तथा दो वर्ष या उससे अधिक समय तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के संबंध में जानकारी देंगी। साथ ही शिशु के पोषण, स्वच्छता एवं शिशु देखभाल से जुड़े विषयों पर भी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों को निर्देश दिए हैं कि विश्व स्तनपान सप्ताह के दौरान प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम जैसे समूह चर्चा, रैली, शपथ एवं परामर्श सत्र आयोजित कर अधिक से अधिक माताओं और परिवारों की सहभागिता सुनिश्चित करे। स्तनपान शिशु के संपूर्ण शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए सबसे प्रभावी और प्राकृतिक आहार है, इसलिए अभियान के माध्यम से समाज में स्तनपान के प्रति सकारात्मक संदेश प्रसारित किया जा रहा है।




# विश्व हिन्दू परिषद चित्रकूट ने किया मंगल मिलन महोत्सव का आयोजन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 3 अगस्त, विश्वव हिन्दू परिषद चित्रकूट के तत्वावधान में मुख्यालय स्थित राजोत्सव भवन में श्रावण के पावन माह के उपलक्ष्य पर महिला मंगल मिलन महोत्सव का आयोजन हुआ।**

जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन की जिलाध्यक्ष ज्योति करवरिया एवं विषिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता ज्योति उपाध्याय मौजूद रहीं। सावन मिलन समारोह के दौरान गीत,नत्य आदि की तमाम प्रतियोगिताएं आयोजित हुई ।जिसमें महिलाओं ने बढ चढ कर हिस्सा लिया ।रजोत्सव में आयोजित मंगल मिलन समारोह की संयोजक विष्व हिन्दू परिषद चित्रकूट की अध्यक्ष ज्योति करवरिया ने बताया कि सावन का पवित्र महीना भगवान षिव और माता पार्वती के आधारना का पर्व है। उन्होने कहा कि आयोजक का मुख्य उददेष्य महिलाओं को एकजुट करने के साथ-साथ उनमें सामाजिक और राजनैतिक चेतना जागृत करना है।

# बांका में स्वास्थ्य और नेत्र शिविर, वृक्षारोपण और नागरिक सम्मान आयोजित

नवभारत न्यूज

**हिरौंदी / सतना 3 अगस्त, जय बिरसा मुंडा ग्रामीण विकास एवं शोध समिति, बांका के तत्वावधान धान में आज भगवान बिरसा मुंडा प्रतिमा परिसर, ग्राम बांका में नागरिक सम्मान समारोह, नि:शुल्क स्वास्थ्य व नेत्र शिविर तथा एक पेड़ मां के नाम वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ।**

समारोह में समाज-सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं प्रशासनिक क्षेत्र में अनुकरणीय व सराहनीय योगदान देने वाली प्रखर विभूतियों को स्मृति-चिह्न, साफ़ा, माला, बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर भावपूर्ण नागरिक अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्य रूप से प्रधान मुख्य वन




संरक्षक पी. सी. दुबे उपस्थित रहे।

**एक पेड़ माँ के नाम अभियान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ-** समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की प्रतिमा, सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के संस्थापक स्वर्गीय रणछोड़दास जी महाराज एवं पद्मश्री स्वर्गीय डॉ. बी. के. जैन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

इसके पश्चात एक पेड़ माँ के नाम राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत परिसर में अतिथियों, ग्रामीणों एवं महिलाओं द्वारा औषधीय व फलदार पौधों का वृहद वृक्षारोपण किया गया। साथ ही, सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट की विशेषज्ञ डॉक्टर टीम के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क नेत्र परीक्षण व स्वास्थ्य शिविर में 131 ग्रामीणों एवं बुजुर्गों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण। 64 मरीजों को दृष्टि सुधार हेतु चश्मे प्रदान किए गए। 34 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित चिन्हित कर। नि:शुल्क ऑपरेशन के लिए 25 चिन्हित मरीजों को चित्रकूट ले जाया गया।

**ग्राम बांका को पूरी तरह से मोतियाबिंद रहित ग्राम% बनाया जाएगा-** श्रीमती ऊषा बी. जैन अध्यक्ष, सद्गुरु शिक्षा समिति, चित्रकूट - कार्यक्रम अध्यक्षा पर्यावरण को बचाने का यह पुनीत कार्य अत्यंत अनुकरणीय है। पेड़ नहीं रहेंगे तो हम भी जीवित नहीं रहेंगे और बारिश भी नहीं होगी। बच्चों को नैतिक संस्कारों के साथ शिक्षित बनाना हम सभी का परम कर्तव्य है। अक्षत जैन मुख्य वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी, रीवा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार का काम नहीं, बल्कि जन-जन की जिम्मेदारी है। बांका की महिलाओं द्वारा 85,000 पौधों की नर्सरी तैयार कर लेना कोई साधारण बात नहीं है। यह पूरा मॉडल पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय है। राहुल कुमार पाण्डेय सीईओ जनपद पंचायत मझगवां ने कहा कि ग्राम विकास का वास्तविक अर्थ है पारदर्शी सुशासन। समिति को जो भी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी, उसे वे पूरी निष्ठा से पूरा करेंगे। डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव महाप्रबंधक एवं जोनल हेड - पर्यावरण, अल्ट्राटेक सीमेंट ने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्रतिवर्ष बांका की इस नर्सरी से बड़ी मात्रा में पौधे खरीदेगा।

### अतिथियों के प्रेरणादायी उद्बोधन

डॉ. इलेश जैन निदेशक, सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट ने कहा कि पद्मश्री डॉ. बी. के. जैन जी के अंदर जो सकारात्मक ऊर्जा, संगठन क्षमता, समर्पण और सेवा का भाव था, उसी की बदौलत सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुंड चित्रकूट आज इतना विशाल वटवृक्ष बन सका है। पिताजी के जाने के बाद पहली बार मैं किसी गाँव में आया हूँ। भविष्य में सद्गुरु परिवार बांका के साथ हमेशा खड़ा रहेगा। प्रतिवर्ष 27 फरवरी को डॉ. बी. के. जैन जी की पुण्यतिथि पर ग्राम बांका में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रतिवर्ष बांका की दो बेटियों को नि :शुल्क प्रशिक्षण एवं नौकरी/रोजगार की व्यवस्था की जाएगी।

### ये रहे उपस्थित

समारोह में मुख्य रूप से भीष्म प्रसाद शुक्ला, संदीप तिवारी, डॉ.अशोक नायक, अनुराग त्रिपाठी, अजय द्विवेदी, रामचरित मिश्रा, भइयन विश्वकर्मा, बिट्टी बई, अवधेश सिंह, शोभनाथ केवट, छोटे लाल सिंह, चुने लाल, मंगल सिंह, दिलदार सिंह, रमा सिंह, दीपेंद्र जायसवाल सहित सैकड़ों क्षेत्रवासी व महिलाएँ उपस्थित रहीं।